वर्ष :-04
अंक:-271
मुरादाबाद
21 January 2025
(Tuesday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
# क्यूँ न लिखूँ सच
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स में भरा जोश, कहा- 2047 तक विकसित भारत बनाने में दें योगदान

दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर ( एनसीसी ) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है। कैडेटों की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एनसीसी कैडेट्स में जोश भरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एनसीसी कैडेट रहे हैं।



पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने लक्ष्य तय किया है। कैडेट्स को उनके लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स से भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने के लिए कहा। दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर ( एनसीसी ) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों और अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है। एनसीसी कैडेट के अनुशासन और एकता की रक्षा मंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में शरीर अनेक हैं, पर आत्मा एक है। शाखाएं अनेक हैं मगर जड़ एक है। किरणें अनेक हैं, मगर प्रकाश एक है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राजनीति में आने से पहले वह स्वयं एक छात्र, एनसीसी के कैडेट और भौतिकी के शिक्षक थे। कैडेटों की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन को बढ़ावा देती है। गणतंत्र दिवस शिविर में भाग ले रहे 2361 कैडेट-दिल्ली छावनी में 30 दिसंबर से चले गणतंत्र दिवस शिविर में देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। यह शिविर 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा। इस वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भी भाग ले रही हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति होंगे मुख्य अतिथि- इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर प्रबोवो 25 और 26 जनवरी को भारत में रहेंगे। पहले खबर थी कि प्रबोवो भारत के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाने वाले हैं। हालांकि अब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति पाकिस्तान नहीं जाकर मलेशिया की यात्रा करने वाले हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### 69000 शिक्षक भर्ती: 25 जनवरी से फिर आंदोलन शुरू करेंगे अभ्यर्थी, सरकार पर लगाया लापरवाही का आरोप

69000 शिक्षक भर्ती मामले में अभ्यर्थियों ने 25 जनवरी से आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि मामले में सरकार लापरवाही कर रही है।69000 शिक्षक भर्ती मामले में एक बार फिर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने आंदोलन का आह्वान किया है। यह आंदोलन गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व 25 जनवरी से शुरू होगा। इस आंदोलन में उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से 6000 से अधिक महिला व पुरुष अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह जानकारी अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने दी।अमरेंद्र पटेल का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया था और सरकार को तीन महीने के अंदर फैसले का पालन किए जाने का आदेश दिया था लेकिन सरकार की लापरवाही की वजह से अभी तक फैसला का पालन नहीं हो सका और यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार अपना पक्ष रखने में देरी कर रही है, जिसकी वजह से मामला लटकता चला जा रहा है।25 जनवरी के आंदोलन के माध्यम से हम सरकार से यही मांग करेंगे कि वह सुप्रीम कोर्ट में जल्द से जल्द सुनवाई कराये और मामले को निस्तारित करें क्योंकि हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी पिछले 4 साल से दर-दर की ठोकर खा रहे हैं

## अजित पवार बोले- सांप्रदायिकता फैलाने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे, NCP में शामिल नहीं होंगे दागी

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने आज जालना में राकांपा के जिला कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे, जो समुदायों के बीच नफरत फैलाए और बांटने की राजनीति करे महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( राकांपा ) धर्मनिरपेक्ष राजनीति में भरोसा करती है और राज्य में सांप्रदायिकता फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र हमेशा प्रगतिशील विचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। एकता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है। राकांपा दागी या खराब छवि वाले लोग राकांपा में नहीं होंगे शामिल- जालना में राकांपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते वक्त अजित पवार ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो विभिन्न समुदायों में नफरत फैलाए और बांटने की राजनीति करे। उन्होंने कहा कि राकांपा में खराब छवि वाले या दागी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा।



उन्होंने कहा, मैं पार्टी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे हमारी पार्टी में दागी लोगों को शामिल न करें।माझी लड़की बहिन योजना को लेकर कही ये बात- इसके अलावा, अजित पवार ने माझी लड़की बहिन योजना के लिए जो महिलाएं पात्र नहीं हैं, उनसे अपील की कि वे स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दें। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए है। पवार ने कहा, जो लोग आयकर का भुगतान करते हैं, वे भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्हें स्वेच्छा से इस लाभ को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पात्र लाभार्थियों को अगले महीने से उनके मासिक भत्ते मिलेंगे। ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों पर साधा निशाना- इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ( ईवीएम ) को लेकर उन्होंने विपक्षी पर दोहरे रुख का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब विपक्ष दल कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम की तारीफ करते हैं, लेकिन जब हारते हैं तो उन्हीं मशीनों पर आरोप लगाते हैं। पवार ने राकांपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार रहें।

## 'बेटे को अपने पिता को दफनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ रहा है, ये दुखद', सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने रमेश बघेल नामक याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। रमेश बघेल ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि एक बेटे को अपने पिता को दफनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ रहा है, ये बेहद दुखद है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने रमेश बघेल नामक याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। रमेश बघेल ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दरअसल उच्च न्यायालय ने रमेश के पिता को, जो कि एक ईसाई पादरी थे, गांव के कब्रिस्तान में दफनाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि एक व्यक्ति को, जो उस गांव में रहा, उसे मृत्यु के बाद गांव के कब्रिस्तान में दफनाने क्यों नहीं दिया जा रहा है? शव बीती 7 जनवरी से मोर्चरी में रखा हुआ है। ये कहते हुए दुख हो रहा है कि एक व्यक्ति को अपने पिता को दफनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ रहा है। न तो पंचायत, न ही राज्य सरकार या उच्च न्यायालय कोई भी इस समस्या को सुलझा नहीं सका। हम उच्च न्यायालय की टिप्पणी से भी हैरान हैं कि इससे कानून व्यवस्था खराब होती।%बघेल ने याचिका में कहा है कि गांव के लोगों ने उसके पिता को दफनाने का आक्रामक तरीके से विरोध किया। राज्य सरकार की तरफ से अदालत में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि गांव में ईसाईयों के लिए कोई कब्रिस्तान नहीं है और शव को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक कब्रिस्तान में दफनाया जा सकता है। बघेल की तरफ से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंजाल्वेस ने दलील दी कि उसके परिवार के अन्य सदस्यों को गांव के ही कब्रिस्तान में दफनाया गया है, लेकिन मृतक ईसाई है, इसलिए उसे दफनाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। इस पर तुषार मेहता ने कहा कि मृतक का बेटा गांव के ही कब्रिस्तान में पिता के शव को दफनाने पर अड़ा है और इससे आदिवासी हिंदू और आदिवासी ईसाई समुदाय के बीच वैमनस्य पैदा हो सकता है। मेहता ने कहा कि इस मामले पर भावनाओं के आधार पर फैसला नहीं लिया जाना चाहिए और वे इस पर बहस के लिए तैयार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई अब 22 जनवरी तक के लिए टाल दी है। इस मामले में ग्राम पंचायत का कहना है कि गांव में ईसाईयों का कब्रिस्तान नहीं है, वहीं याचिकाकर्ता का दावा है कि गांव में ईसाईयों के लिए कब्रिस्तान है और इसके लिए मौखिक तौर पर जगह आवंटित की गई थी। अब गांव के लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा के निधन के बाद हुआ शांति यज्ञ, पूरा परिवार एकजुट दिखा



पूर्व सीएम अखिलेश यादव के चाचा राजपाल यादव के निधन के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए शांति यज्ञ कराया गया। जिसमें यादव कुनबा एकसाथ नजर आया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा और इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव के पिता राजपाल यादव के निधन के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए सोमवार को सैफई स्थित आवास पर शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने आहुति देकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।शांति यज्ञ में अखिलेश यादव के साथ उनकी सांसद पत्नी डिंपल यादव, चाचा शिवपाल सिंह यादव, अभयराम सिंह यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, विधायक तेज प्रताप सिंह यादव, सांसद आदित्य यादव, सांसद अक्षय यादव, डॉ. अजंट सिंह यादव, अपर्णा यादव, अनुराग यादव, आर्यन यादव, कार्तिकेय यादव और अर्जुन यादव सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए। शांति यज्ञ का आयोजन केंद्रीय समाज सेवा समिति के आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम सुबह 8 बजे पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। इसके बाद 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हवन संपन्न हुआ। इसमें आचार्य इंद्रपाल आर्य, रामदेव आचार्य, विनेश शास्त्री, श्याम सिंह, सत्य सिंह, रणवीर सिंह, सत्यप्रकाश और जगराम आचार्य ने विधि-विधान से हवन कराया। हवन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद शांति यज्ञ में शामिल आचार्यों को ब्रह्मभोज कराया गया।गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा राजपाल यादव का 9 जनवरी को बीमारी के चलते गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सैफई में किया गया था। सोमवार को 11 वें दिन यह शांति यज्ञ आयोजित किया गया। शांति यज्ञ में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें पूर्व राज्य मंत्री रामसेवक यादव, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष चंद्र यादव, पूर्व विधायक सोबरन सिंह यादव, एमएलसी मुकुल यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, आशीष राजपूत आदि शामिल रहे।

## प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर रोक से उठे सवाल, संजय राउत बोले- यह महायुति में कलह का संकेत

महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को 36 जिलों के प्रभारी मंत्री नियुक्त किए थे। इसके अगले ही दिन रायगढ़ और नासिक में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति रोकने का आदेश जारी किया गया। इस पर शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि महायुति सरकार का प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति में अचानक बदलाव करना गठबंधन में कलह का संकेत है। महाराष्ट्र में नासिक और रायगढ़ में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति अचानक रोके जाने पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि महायुति सरकार का प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति में अचानक बदलाव करना गठबंधन में कलह का संकेत है। राउत ने कहा कि सरकार आंतरिक गतिरोध को संभालने में विफल रही है। प्रभारी मंत्रियों को जिलों के आवंटन पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गुस्सा स्पष्ट है। अब उनके अधिकार पर सवाल उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में बढ़ती कलह से सत्ता की गतिशीलता में बदलाव आ सकता है।हालांकि उन्होंने एकनाथ शिंदे की जगह औद्योगिक मंत्री और शिवसेना नेता उदय सामंत को तैयार किए जाने की संभावना जताई। संजय राउत ने कहा कि ऐसा लगता है कि उदय सामंत को शिंदे की जगह तैयार किया जा रहा है। अगर शिंदे अपने मंत्रियों को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं तो वह कैसे नेतृत्व कर सकते हैं। एक दिन बाद ही रोकी नियुक्ति-महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को 36 जिलों के प्रभारी मंत्री नियुक्ति किए थे। इनमें एनसीपी की अदिति तटकरे को रायगढ़ और भाजपा नेता गिरीश महाजन को नासिक का प्रभारी मंत्री बनाया गया था। इसके अगले ही दिन रायगढ़ और नासिक में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति रोकने का आदेश जारी किया गया। इसे लेकर ऐसा लगा कि महायुति गठबंधन में एकमत नहीं है। इस मामले में संजय राउत ने महायुति सरकार को घेरा। शिंदे दारेगांव रवाना- सूत्र बताते हैं कि प्रभारी मंत्रियों की तैनाती को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच एकनाथ शिंदे अपने चार दिवसीय दौरे के लिए अचानक दारेगांव रवाना हो गए। शिंदे ने निजी कारणों का हवाला दिया है। जबकि राजनीतिक सूत्र बताते हैं कि शिंदे का जाना विभागों को लेकर उनके असंतोष से जुड़ा था। वहीं मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और गिरीश महाजन शिंदे से मिलने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए दारेगांव के लिए रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस इस समय वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के लिए दावोस में हैं।



संपादकीय Editorial

## Bridge of winter stay

Look at the eyes of the one who makes mirrors here, he puts his skill on the eyes of the people. The skill of every government in Himachal is actually the mirror of this eye, which wears the eyes of Kangra, but cannot see itself. The winter stay of the Chief Ministers has actually been a means, a bridge, to show the government and politics again wants to extract 'pure gold' from the water that has flowed in the river. This is also because Kangra makes every government its religion, but the politics of the district remains scattered. It is amazing that many leaders between BJP and Congress have the illusion of becoming the leader of Kangra, but here 'neither are of the house nor of the house'. Kangra has the power to form a government, but why does it not have the skill to make its own leader. Did the government not give Kangra such disciples or Shanta Kumar, who was the Chief Minister twice, himself remained an incarnation. What was the reason that no one surpassed the sapling of Kangra in relevance and status of Shanta. People also went with YS Parmar, but why did no one from Pandit Sant Ram to Sat Mahajan reach the destination? Why did stains keep appearing on the blank papers of leaders? Late Virbhadra was also able to give Kangra its fortune in one group, otherwise Major Vijay Singh Mankotia and GS Bali also planted trees in their gardens. Prem Kumar Dhumal once gave every power, every boon to Ravindra Singh Ravi, but this system also failed. Beyond these complications, in the aspect of power in which Jairam kept weighing Mandi, the weak ministers of Kangra only kept watching. Therefore, the arrival of Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu on winter stay in his third year can be an attempt to open the old pegs of these questions. However, the first anniversary of the present government was celebrated here and this time also on the full statehood day in Baijnath, how much Kangra will fill its own emptiness, it remains to be seen. Obviously, when the government moves on the carpet of winter stay after the winter session, some thorns will be hidden, but political wounds will remain unwrapped. Why did winter stay become so important that even unwillingly, the government had to move from Shimla to Kangra, Hamirpur, Una, Chamba and Bilaspur. Why did it happen that the Shimla Assembly reached the Tapovan House. Why was the dream of Dharamshala as the second capital dreamt of? It is a different matter that the plaques of Himachal Bhawan were removed here and even today the rooms of the ministers are empty in the testimony of the mini secretariat. The limit is that even the ministers of Kangra shy away from sitting in the secretariat of Dharamshala, because they are probably afraid of not being the leaders of the district. It is also surprising that neither the Congress nor the BJP is getting any state president of the party from Kangra. Now the times are such that the politics of Himachal has become the legacy of parliamentary constituencies, so two Kangras have been created in Kangra. One of winter stay and one of political development. Politics now sees Dehra as a document of Hamirpur parliamentary constituency, but the pain in the arms is that there is no rebellion. When anger erupts, the slaves of auctioned politics win in the laughter of power. Anyway, a new winter stay and the political history of a new Chief Minister is standing at the doorstep of Kangra. Sukhu has made inscriptions of development in the text of Kangra, so many foundation stones and inaugurations are waiting at the stages of stay. It is also true that Kangra has got development from power and every Chief Minister has given in his own way. This time the self-confidence of Sukhu government is being seen towards.

# Effective scheme, villagers' problems eased through property cards

Swamitva Yojana is becoming a very effective scheme for the villagers. Through this, the problems of the villagers have become easier. Property cards have been distributed in 50 thousand villages. Swamitva Yojana is effective because a large number of land-related disputes were being seen in India. Fights were common due to them. In such a situation, there was a need for Swamitva Yojana. Under the Swamitva Yojana, which gives certificate of ownership of land to the rural population, the distribution of 65 lakh property cards by the Prime Minister underlined that this scheme is moving in the right direction. Yesterday, property cards were distributed to the people of 50 thousand villages in about 230 districts of the country through video conferencing, but it is noteworthy that till now survey has been completed in more than three lakh villages under this scheme, which is 92 percent of the target. Along with this, about 2.25 crore property cards of 1.53 lakh villages have also been prepared. There was a need for such a scheme because a large number of land disputes were being seen in rural India. It was common for fights to happen due to them. Sometimes these fights also became the cause of violence and murder. It is no less than an achievement that in the rural areas where property cards have been distributed, there is a decrease in land disputes. The objective of this scheme is not only to give the villagers a certificate of being the owner of their land. Its objective is also that the villagers can take loans and sell the land with the help of this certificate. Property cards are also helping in assessing the land in rural areas and taking forward the government schemes. Through this card, it is also becoming easier for the villagers to take advantage of government schemes. The need for such a scheme was expressed by the United Nations. It had found in its study that in many countries of the world, people do not have legal documents of their property and especially house and land. India was also counted among such countries. The United Nations also said that if poverty is to be reduced, it is necessary to give property rights to the people. To meet this need, Prime Minister Modi had announced the launch of this scheme during the Covid pandemic. After this, this scheme was started as an experiment in many states. The success of the experiment paved the way for launching this scheme on a large scale. Drone survey, GIS and other state-of-the-art technology are being used in this scheme, so that the ownership of the land can be clearly marked. When the ownership of the land becomes clear, not only the scope of dispute is reduced, but the market value of the land also increases. Apart from this, the problem of illegal occupation of them is also curbed.

# Pursuit of selfish interests under the guise of Dr. Bhimrao Ambedkar

Using the name of Dr. Bhimrao Ambedkar for narrow political interests is a sign of cultural degradation. If there was such bitterness in politics as there is today, Dr. Ambedkar would not have become the chairman of the drafting committee of the Indian Constituent Assembly, but there were some such personalities present at that time who knew how to respect talent. The Constitution of India has been appreciated all over the world. For the last few months, there has been a lot of discussion on the Constitution in the country, but it is superficial, because the Constitution of India has been appreciated all over the world. It was prepared by the dedicated fighters of the freedom movement with a deep understanding of the aspirations and desires of the people. The unparalleled talent that was needed to give it words was found in the personality of Dr. Bhimrao Ambedkar. Future generations and history will remain indebted to him. It was the good fortune of the country that Dr. Ambedkar was available to fulfill this responsibility. He had differences with Gandhiji, Pandit Nehru and his party did not like him, but selfishness was absent on the political scene of that time. Everywhere there was concern for the country, countrymen and the future of India. The goal of providing a proper human life to the people was attracting the attention of almost all the parties and leaders everywhere. If there was bitterness in politics like today, then Dr. Ambedkar would not have become the chairman of the drafting committee of the Constituent Assembly, but some such personalities were present at that time, who knew how to respect talent and considered the country's interest above party interest. The thinking, understanding and ideological collectivity of an era contributed to the creation of the Constitution. This is the reason why it could become so strong. However, a dark chapter was also associated with the Constitution of India, which history will never forget. During 1975-77, not only the words of the Constitution but even its soul was destroyed to cancel the decision of the court and to remain in power. This was done by the party, which wanted to take all the credit for the freedom movement. For this, it did not feel any shame in tampering with the facts of history. Today, the same party is claiming to be the biggest protector of the Constitution. Was there no ideological contribution of Pandit Madan Mohan Malviya, Rabindranath Tagore, Mahatma Gandhi and other freedom fighters in the making of the Constitution of India? Should the tireless hard work of Dr. Rajendra Prasad be forgotten? Should the intellect of Chakravarti Rajagopalachari not be respected? These wise men did not allow the words socialist and secular to appear in the preamble to save the future of the Constitution of India, to make it organized and comprehensive. Adding these two words to the Constitution during the Emergency was a grave insult to these great men. The expression of reverence towards the Constitution is also a manifestation of respect towards these freedom fighters in the true sense. Dr. Ambedkar and his colleagues who sat in the Constituent Assembly and determined the path of the country's future, certainly deserve special gratitude. Dr. Ambedkar tried to unite the country, suggested a way to free everyone from injustice. He taught that every human being should respect and honour every other human being at his level of equality. Those people who try to increase the number of voters in their favour by using the names of caste, sub-caste or any other classification cannot be considered cultured, no matter what position they hold. Such people will not be considered well-wishers of the society. In a country whose culture gives the message of 'God's part is immortal', where respect and honour for age and experience has been taught from childhood, the use of a sacred name like Dr. Ambedkar for petty political interests only points towards a major cultural decline. The Constitution makers knew that the coming to power and the rights, facilities and possibilities of accumulating wealth obtained by it will definitely have a negative impact on individuals. On November 26, 1949, when the final draft of the Constitution was presented in the Parliament for approval, the speech given by the President of the Constituent Assembly, Dr. Rajendra Prasad, will continue to attract the attention of the people for centuries. He said, 'The welfare of the country will depend on the manner in which it is administered. The welfare of the country will depend on the people who will administer the country. It is an old saying that the country gets the kind of government it deserves.' Dr. Rajendra Prasad also mentioned communal differences, caste differences, language and provincial differences and other similar differences in the country. He expected that, 'For this we need strong charactered people, farsighted people and such people who do not abandon the interests of the whole country for small groups and regions and who are beyond the biases arising out of these differences. We can only hope that we will find many such people in this country.' Sadly, today we are not getting such people in the required number in the country. Those who leave the country's interests behind for petty selfish interests are becoming obstacles in the path of the country's progress and development.He had differences with Gandhiji, Pandit Nehru and his party did not like him, but selfishness was absent on the political scene of that time. Everywhere there was concern for the country, countrymen and the future of India. The goal of providing a proper human life to the people was attracting the attention of almost all the parties and leaders everywhere. If there was bitterness in politics like today, then Dr. Ambedkar would not have become the chairman of the drafting committee of the Constituent Assembly, but some such personalities were present at that time, who knew how to respect talent and considered the country's interest above party interest. The thinking, understanding and ideological collectivity of an era contributed to the creation of the Constitution. This is the reason why it could become so strong. However, a dark chapter was also associated with the Constitution of India, which history will never forget. During 1975-77, not only the words of the Constitution but even its soul was destroyed to cancel the decision of the court and to remain in power. This was done by the party, which wanted to take all the credit for the freedom movement. For this, it did not feel any shame in tampering with the facts of history. Today, the same party is claiming to be the biggest protector of the Constitution. Was there no ideological contribution of Pandit Madan Mohan Malviya, Rabindranath Tagore, Mahatma Gandhi and other freedom fighters in the making of the Constitution of India? Should the tireless hard work of Dr. Rajendra Prasad be forgotten? Should the intellect of Chakravarti Rajagopalachari not be respected? These wise men did not allow the words socialist and secular to appear in the preamble to save the future of the Constitution of India, to make it organized and comprehensive. Adding these two words to the Constitution during the Emergency was a grave insult to these great men. The expression of reverence towards the Constitution is also a manifestation of respect towards these freedom fighters in the true sense. Dr. Ambedkar and his colleagues who sat in the Constituent Assembly and determined the path of the country's future, certainly deserve special gratitude. Dr. Ambedkar tried to unite the country, suggested a way to free everyone from injustice. He taught that every human being should respect and honour every other human being at his level of equality. Those people who try to increase the number of voters in their favour by using the names of caste, sub-caste or any other classification cannot be considered cultured, no matter what position they hold. Such people will not be considered well-wishers of the society. In a country whose culture gives the message of 'God's part is immortal', where respect and honour for age and experience has been taught from childhood, the use of a sacred name like Dr. Ambedkar for petty political interests only points towards.

# संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, गांव में ही विवाहित महिला से चल रहा था प्रेम प्रसंग

मुरादाबाद। बिलारी थाना क्षेत्र के मिलक नगलिया जट गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान 20 वर्षीय युवक मनोज के रूप में हुई, जो नागलिया जाट गांव का निवासी था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बारीकी से जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, युवक का गांव में ही विवाहित महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक विवाहित महिला को एक सप्ताह पहले घर से भगा कर ले गया था। पुलिस का दबाव होने के चलते तीन दिन बाद महिला थाने आ गई। जहां पुलिस ने दोनों को अपने-अपने परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर विवाहित महिला के परिजन मनोज के घर पहुंचे, जहां उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट की और इसके बाद शाम को कोतवाली पहुंचे। मनोज ने एक वीडियो फेसबुक पर पोस्ट भी किया, जिसमें उसने कहा कि वह जल्द ही मर जाएगा। इसके कुछ देर बाद ही वह नीम के पेड़ से लटका हुआ मिला।



# बिलारी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील बिलारी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करें तथा फीडबैक भी अवश्य लिया जाये। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 64 शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत विभाग से संबंधित, चकरोड पर अवैध कब्जा संबंधित, सड़क मरम्मत, चकबंदी संबंधित, सड़क पर रिफलेक्टर लगाये जाने के संबंध में सहित इत्यादि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्षता के साथ शिकायतों का निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बिलारी श्री विनय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री जी0बी0 पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं तहसीलदार बिलारी सी0ओ0 बिलारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में तहसील ठाकुरद्वारा में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ, जिसमें 20 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। इसी प्रकार से तहसील कांठ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें 26 शिकायतें प्राप्त हुईं और शिकायतों का निस्तारण हुआ 02 तथा तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 39 शिकायतें प्राप्त हुई जहां 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया।




# आरटीओ कार्यालय के पीछे महाकुंभ श्रद्धालुओं के लिए तंबुओं का शहर

मुरादाबाद- महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए तंबुओं का नगर प्राधिकरण की एक एकड़ भूमि पर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही वाहनों के लिए अस्थाई वाहन स्टैंड बनाने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं। संभागीय परिवहन विभाग के निकट 100 बेडों का एयर प्रूफ टेंट लगाए गए हैं। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा निकट में ही कैंप कार्यालय भी बनाया गया है। फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस महकमे से महिला क्षेत्र की सीमा में फ्लेक्सी होर्डिंग भी लगाए जा करने के लिए विशेष व्यवस्था एक एकड़ भूमि लिए स्टैंड बिजली विभाग की ओर से डीएम के परिवहन विभाग ने अस्थाई विद्युत कनेक्शन के संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय के पीछे मंशा के अनुरूप संभागीय परिवहन विभाग के तंबुओं को नगर बसाने की तैयारियां लगभग लिहाफों की व्यवस्था की गई है। तंबुओं के निकट के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी व्यवस्था कैंप कार्यालय में पुलिस महिला और ट्रैफिक की व्यवस्था भी होगी। फायर ब्रिगेड के जवान चिकित्सा और दवा की व्यवस्था भी की जा



सिपाहियों व यातायात पुलिस भी रहेगी। प्रचार के लिए महानगर रहे हैं। पहली बार महाकुंभ जाने और आने वालों के लिए आराम में एयर प्रूफ टेंट में 100 बिस्तर की व्यवस्था और वाहन खड़े करने के पत्र भेजने के बाद नहीं की गई विद्युत आपूर्ति व्यवस्था संभागीय लिए पूर्व में किया था आवेदन- रविवार को गांगन तिराहे के निकट महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को सुविधा प्रदान की प्रदेश सरकार की अधिकारियों ने विकास प्राधिकरण की भूमि पर एक एकड़ भूमि पर पूरी हो चुकी है। तंबुओं में लकड़ी के 100 तख्त डाल कर गद्दे और ही कैंप कार्यालय बनाया गया है जिसमें संभागीय परिवहन विभाग की देखरेख के लिए लगाई जाएगी। सुरक्षा की नजरिए से 24 घंटे पुलिस मौजूद रहेगी। सर्दियों के लिए नगर निगम की ओर से अलाव व वाहन भी हर वक्त मौजूद रहेंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग से रही है। आरटीओ प्रवर्तन दल अधिकारी प्रणव झा ने बताया कि मुरादाबाद ही नहीं अन्य जिलों से मुरादाबाद होकर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधा कराई गई है। इसके लिए नगर सामाजिक स्थानों पर जैसे- रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कचहरी, तहसील, दिल्ली रोड के जीरो प्वाइंट, चौधरी चरण सिंह चौक, कांठ रोड रोड अगवानपुर चौराहे, धर्मपुर शेरूआ चौराहे, मूंढापांडे टोल प्लाजा समेत प्रचार के लिए 40 होर्डिंग लगाई जा रही हैं। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को जानकारी हो सके। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी अनुज सिंह के कार्यालय से सभी विभाग को इस व्यवस्था के लिए पत्र लिखा जा चुका है। वाबजूद इसके बिजली विभाग की ओर से कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। मुसांस का 51 सदस्यीय दल महाकुंभ यात्रा पर जाएगा-मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज ( मुसांस ) की रविवार को संस्था के कार्यालय पर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अनिता गुप्ता ने और संचालन डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने किया। डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने संस्था के महाकुम्भ यात्रा की तैयारियों की जानकारियां दी। बताया कि मुसांस के कुम्भ यात्रा दल में कुल 51 सदस्य हैं, और इस टूर की विशेषता ये है कि इसमें 1 वर्ष के बालक से लेकर 90 वर्ष की महिला भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी लोग 144 वर्ष बाद आने वाले इस दिव्य महाकुंभ में पहुंचने के लिए बहुत उत्साहित हैं। महाकुंभ यात्रा 6 फरवरी की शाम को आरम्भ होकर 9 फरवरी की सुबह पूरी होगी। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को चलने से पूर्व ही एक यात्रा किट दी जाएगी जिसमें साबुन, पेपर सोप, तौलिया, सैनिटाइजर, टूथ पेस्ट, टूथ ब्रश, नैपकिन, सेफ्टी पिन, पेन, लेटर पैड, परिचय पत्र सहित आवश्यकता का सभी सामान होगा। यात्रा दल में जितेंद्र कुमार गोयल, राजेश सिंघानिया, सुषमा गर्ग, अनुज अग्रवाल, अनुराधा गुप्ता, सीए अजीत अग्रवाल, सीए राकेश अग्रवाल, विनय मित्तल, गिरीश सिंह, विनोद गोयल, संजय गोयल, राजू खन्ना, पूनम रस्तोगी आदि सदस्य शामिल हैं। रेलवे प्रशासन कुंभ स्पेशल ट्रेनों की कर रहा विशेष निगरानी-महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सेवा में रेलवे प्रशासन जुटा है। मंडल मुख्यालय से होकर सात जोड़ी ट्रेनें यात्रियों को सेवा दे रही हैं। रेलवे प्रशासन कुम्भ स्पेशल ट्रेनों के संचालन की विशेष तरह से निगरानी कर रहा है। ट्रेनों में साफ-सफाई, जलापूर्ति और यात्री सुविधाओं को लेकर वाणिज्य विभाग विशेष सतर्कता बरत रहा है। यात्री सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस और आरपीएफ की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। स्पेशल ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान को लेकर मैनुअल और ऑटोमेटिक अनाउंसिंग सिस्टम की सेवा दी जा रही है। मुरादाबाद मंडल से एक जोड़ी और देश के विभिन्न हिस्सों से सात जोड़ी स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज के लिए चलाई जा रही हैं।

# दो महीन के लिए बंद किया जाएगा रामगंगा कटघर पुल, बनेंगे अस्थायी बस अड्डे...रामपुर-बरेली के यात्रियों को होगी दिक्कत

## आजाद नगर चौराहा व रामपुर दोराहा पर बनेंगे अस्थायी बस अड्डे, 82 लाख 69 हजार की लागत बदले जाएंगे बेयरिंग

मुरादाबाद- रामपुर रोड पर रामगंगा पुल के बेयरिंग बदलने का कार्य लोक निर्माण विभाग की ओर किया जाएगा। विभाग नौ दिन बाद अपना कार्य शुरू करेगा। जिसके चलते यातायात दो माह के लिए बंद किया जाएगा। यह पुल यूपी को उत्तराखंड से जोड़ने में अहम भूमिका रखता है। जिससे कार्य के दौरान अब पुलिस और परिवहन विभाग अस्थायी बस अड्डे बनाने की तैयारी कर रहा हैं। पुल की मरम्मत के दौरान बड़े छोटे वाहनों के रूट डायवर्जन बाइक व पैदल आवागमन भी प्रतिबंधित थे। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने मुम्बई उस समय एजेंसी के सर्वे के रिपोर्ट पर आने बनी। जिसके बाद पुल निर्माण का जिम्मा विभाग ने पुल के बेयरिंग बदलने से हाथ हजार रुपये का टेंडर पास कर दिया है। जिसमें कार्य शुरू कर दिया जाएगा। दो महीने तक कर दिया जाएगा। इससे सबसे अधिक होगी। इसके लिए रोडवेज और ट्रैफिक पुलिस बसों के लिए अस्थायी बस अड्डा बनाने के बताया कि पुल से वाहनों का आवागमन हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को



के साथ आसपास के सैकड़ों गांव के रहने ग्रामीणों के लिए रहेगा। रामगंगा कटघर पुल का बेयरिंग 8 महीने पहले टूट गए तक की एजेंसी से बेयरिंग बदलवाने के लिए सर्वे कराया था। वाले खर्चे के चलते विभाग की बेयरिंग बदलने की बात नहीं सिंचाई विभाग को दिया गया था। लेकिन कुछ दिन बाद सिंचाई खड़े कर दिए थे। लोक निर्माण विभाग ने इसका 82 लाख 69 अब नौ दिन बाद रामगंगा कटघर पुल के बेयरिंग बदलने का पुल से बाइक, छोटे बड़े वाहन से लेकर पैदल का आवागमन बंद परेशानी रामपुर-बरेली व काशीपुर से आने वाले यात्रियों को अधिकारियों के बीच रोडवेज बसों को रूट डायवर्जन के साथ लिए बातचीत चल रही है। अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह ने खतरे से खाली नहीं है। पुल के मरम्मत की तैयारियां शुरू हो गई जिलाधिकारी ने चार विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में तय किया कि सेतु निगम पंडित नगला बाईपास पर सर्विस रोड बनाएगा। सर्विस रोड बनाने के लिए सेतु निगम को नौ दिन का समय दिया गया है।10वें दिन पुल को आवागमन के लिए बंद कर दिया जाएगा और पुल मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा। वहीं परिवहन विभाग से बातचीत कर पुलिस विभाग अस्थायी बस अड्डे रामपुर रोड पर प्रेम वंडरलैंड पुल के नीचे बनाएगा। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार के अनुसार रामगंगा कटघर पुल से दो माह के लिए यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान बाइक चालकों को या पैदल निकलने की भी अनुमति नहीं मिलेगी। आजाद नगर चौराहा और रामपुर दोराहा पर अस्थायी बस अड्डे बनाए जाएंगे। पुल की मरम्मत शुरू होते ही रूट डायवर्जन कर दिया जाएगा। रोडवेज की आरएम ममता रानी ने बताया कि रामपुर रोड स्थित रामगंगा पर बने पुल से आवाजाही बंद होने के बाद रामपुर और काशीपुर रोड पर जाने वाली बसों का किराए भी बढ़ जाएगा। ऐसे में बसों का सफर लंबा हो जाएगा। यात्री भी काफी घूम कर अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचेंगे। संभल रोड से काशीपुर जाने के लिए रास्ता बदलना होगा। शहर से रामपुर जाने के लिए आरटीओ रोड से होकर गुजरना होगा या फिर दिल्ली रोड से बाईपास होकर रामपुर जाना होगा। इस पुल से लगभग 44 हजार वाहन गुजरते हैं रोज रामपुर रोड शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से यह एक है। इस रोड पर पड़ने वाले रामगंगा पुल से प्रतिदिन 44 हजार वाहन गुजरते हैं। एक साल पहले एक निजी एजेंसी ने इस रोड पर वाहनों के दबाव का आकलन किया था। बताया था कि इस रोड को फोरलेन किया जाना चाहिए। इस रोड पर रामपुर-बरेली और काशीपुर से आने वाले वाहन गुजरते हैं। पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन अधिशासी अभियंता ने रोड के दबाव को देखते हुए रामपुर रोड पर फ्लाईओवर बनाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा था लेकिन प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो सका।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्ष आए आमाने-सामने, 5 राउंड फायरिंग और पत्थरबाजी...10 नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र के सिरसा इनायतपुर उर्फ दौड़ भाग गांव में पुराने मुकदमे में फैसला करने को लेकर एक ही



समुदाय को दो पक्ष आमाने सामने आ गए। दोनों तरफ से छत से पथराव हुआ। साथ ही 5 राउंड फायरिंग की गई। इस घटना का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। युवक का उपचार अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने 10 नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। कटघर थाना क्षेत्र में सिरसा इनायतपुर उर्फ दौड़ भाग गांव के रहने वाले चांद बाबू और अफसर अली में पुराने किसी मुकदमे को लेकर रंजिश चली आ रही है। दोनों के घर भी आमने सामने हैं। पुराने मुकदमे में फैसला करने को एक पक्ष पर दबाब बनाया जा रहा था। इसी बात को लेकर रविवार की शाम करीब 5 बजे दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। दोनों तरफ से घरों की छत से पथराव शुरू हो गया। चांद बाबू ने अफसर अली के घर पर पथराव और देसी तमंचे से करीब पांच राउंड फायरिंग की। इस घटना का पूरा वीडियो सामने आया है जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ युवक बेखौफ होकर छत से फायरिंग कर रहे हैं। फायरिंग में अफसर अली का बेटा सलीम घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सलीम को उपचार के लिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया हैं। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया की मामले में पुलिस की और से नाजिल, फरमान, साजिम, अरमान अली, सलमान, अरबाज, समीर, चांद शाने आलम, सुभान अली, रेवड़ी और एक अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता ( बी एन एस ), 2023 191( 2 ), 191( 3 ), 190, 352, 351( 3 ), 109( 1 ) आपराधिक कानून ( संशोधन ) अधिनियम 1932, 7 धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया हैं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों को गठित कर दिया गया। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### मौसम में कोहरा व पाले से फसलें बहुत अधिक प्रभावित

मुरादाबाद- उप निदेशक उद्यान मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद श्रीमती पूजा ने बताया कि ठंड के मौसम में कोहरा व पाला मौसम के दो ऐसे कारक हैं, जिनसे तराई व मैदानी इलाकों की फसलें बहुत अधिक प्रभावित होती है। कोहरा छाने के दौरान धूप न निकलने से पौधा कमजोर हो जाता है, जिससे पौधों में फूल व फल बनने में गिरावट आने के साथ-साथ अनेक प्रकार के रोग जैसे- पत्ती सड़न, फल सड़न, ब्लाईट, डंडी गलन, म्लानी, झुलसा आदि होने की संभावना बढ़ जाती है। अधिक ठंड के कारण टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च आदि में फूल से फल में सैटिंग कम हो पाती है, आलू का आकार भी छोटा रह जाता है, इसी प्रकार पाला का भी पौधों के ऊपर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया पाला से बचाव के लिए पौधों/फसलों की शाम के समय हल्की सिंचाई करें। खेतों में गोबर की खाद एवं कार्बनिक खादों को डालकर जीवांश का स्तर 1 प्रतिशत के आसपास रखें, जिससे मिट्टी की जल रोकने व सोखने की क्षमता बढ़ जाए। जहां तक संभव हो फसलें मेंढ़ों पर लगाये ताकि पानी देने में सुविधा बनी रहे। ठंड के प्रभाव को कम करने के लिए खेतों में कश्वपर युक्त व सल्फर युक्त उर्वरकों का प्रयोग करें। पोटेशियम भी विपरीत परिस्थितियों में लड़ने की क्षमता विकसित करता है। इसलिए खेतों में पोटाश, सल्फर व फारस्फोरस तीनों पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में मिल जाते हैं। पौधों पर किसी फँफूंदी के प्रकोप को रोकने के लिए ट्राईकोडरमा 2 ग्राम 1 लीटर पानी में घोल बनाकर समय-समय पर स्प्रे करते रहना चाहिए।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# किसना डायमंड ज्वेलरी ने बांटी 100 से ज्यादा खुशियों की चाबी!

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- भारत की अग्रणी ज्वेलरी रिटेल चेन में से एक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने आज देशभर के 100 भाग्यशाली




ग्राहकों को मारुति सेलेरियो कारें उपहार में दीं। ये कारें 11 शहरों में विजेताओं को एक साथ सौंपी गईं, जो ‎प्तअबकीङ्गबारङ्गआपकेङ्गलिए कैंपेन के भव्य समापन का हिस्सा था। इस शानदार पहल में 51,219 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे यह न केवल किसना के इतिहास में बल्कि पूरे उद्योग में सबसे बड़ी मुहिमों में से एक बन गई। यह कैंपेन 1 सितंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 जनवरी, 2025 को समाप्त हुआ। इसके तहत, ग्राहकों को ?20,000 या उससे अधिक की डायमंड, प्लेटिनम, या सॉलिटेयर ज्वेलरी खरीदने पर और ?50,000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीदने पर कार जीतने का मौका दिया गया था।

# पीले वस्त्र धारण करके भगवान कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- श्री बांके बिहारी मन्दिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आज चतुर्थ दिवस में व्यास जी ने प्रह्लाद जी के चरित्र का वर्णन



किया ,तथा हमें यह बताया कि भगवान और साधु संत हमारे ऊपर किस तरह कृपा करते हैं, और उनकी कृपा का पात्र हो पाना कैसे सम्भव है आगे कथा में श्री रामचन्द्र जी के जन्म की कथा श्रवण करायी तथा भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव का सभी भक्तों ने भरपूर आनन्द लिया ।श्याम दिक्षित जी के भजनों पर सभी भक्त रिश्ते रहे वर्णन नृत्य करते रहे खिलौने व, आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया , सहयोग में अनूप सक्सेना किरण, सक्सेना, राकेश, राजेश खंडेलवाल, जगदीश भाटिया आदि का सहयोग रहा ।।

# कोयला चोरों पर पुलिस की कार्यवाही, कोयला बोरी में भरकर मोटर सायकल से परिवहन करते पकड़ाए

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध लगातार



कड़ी कार्यवाही कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 19.01.2025 के रात्रि में थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम साल्ही की ओर से काफी मात्रा में मोटर सायकल चालक के द्वारा अवैध रूप से कोयला परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना रामानुजनगर की पुलिस टीम ने ग्राम साल्ही चौक में घेराबंदी कर 1. सब्बीर पिता मो. सफीज उम्र 24 वर्ष ग्राम नारायणपुर 2. मोहित प्रजापति पिता राजेन्द्र प्रसाद उम्र 25 वर्ष ग्राम नारायणपुर 3. हिफाजल पिता मो. हफीज उम्र 28 वर्ष ग्राम नारायणपुर 4. जलसाय पिता स्व. धरमसाय उम्र 30 वर्ष ग्राम पतरापाली 5. बाबुलाल पिता बलवंत सिंह उम्र 30 वर्ष ग्राम पतरापाली 6. देवशंकर पिता स्व. जगन राम उम्र 32 वर्ष ग्राम पतरापाली 7. बोधन सिंह पिता मदन साय उम्र 35 वर्ष ग्राम पतरापाली को मोटर सायकल में बोरी में कोयला भरकर परिवहन करते पकड़ा जो कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35( 1-4 )/ 303( 2 ) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर 14 बोरी कोयला एवं परिवहन में प्रयुक्त 7 नग मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू व उनकी टीम सक्रिय रही।

# डीएम की अध्यक्षता में फरीदपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसपी दक्षिण अंशिका वर्मा भी रही मौजूद

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली की तहसील फरीदपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस ( तहसील दिवस ) का आयोजन हुआ। जहां जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को



आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, राशन, विद्युत, अवैध कब्जा, पुलिस, चकबंदी, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास विभाग आदि से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता गंगाराम पुत्र दीपचन्द्र निवासी ग्राम सुकटिया सिंघावारी ने बताया कि ग्राम में अम्बेडकर पार्क की खाली जगह में गांव के कुछ लोगों ने कूड़ा व नाली का गंदा पानी आदि डालते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत भुता को जांच कर सम्बंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता नीलम पुत्री दिवंगत दयाराम ग्राम तराखास ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अक्टूबर 2023 में आवेदन किया था, बीमार होने के कारण वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सम्मिलित नहीं हो सकीं। प्रार्थिनी को वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सम्मिलित होना चाहती है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को नियमानुसार सम्मिलित कराने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील फरीदपुर क्षेत्र से आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करी और संबंधित अधिकारियों को अधिक शिकायत वाले गांव का भ्रमण कर शिकायत का शत प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि आईजीआरएस पर जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाए उससे फोन पर वार्ता भी की जाए कि निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट है या नहीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि जिन गांवों में गलत मीटर रीडिंग की शिकायत अधिक आ रही हैं उन गांवों में जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। तहसील फरीदपुर के कुछ ग्रामों में किसानों के फार्मर आईडी कम बन रहे है, जिस पर संबंधित लेखपालों को निर्देश दिए गए कि जो गांव पोर्टल पर नहीं दिख रहे हैं उनकी सूची बना कर उपलब्ध कराई जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गए जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टालों का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, पुलिस अधीक्षक दक्षिण अंशिका वर्मा, उपजिलाधिकारी फरीदपुर गुलाब चंद्र अग्रहरि सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने ली क्राइम मीटिंग, थाना-चौकी के कार्यो का परफॉमेंश जाना, लंबित मामलों के निकाल में तेजी लाने दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों का क्राईम मीटिंग लिया, जिसमें थाना-चौकी के कार्यो, अपराध निकाल, प्रतिबंधात्मक व लघु अधिनियम व ऑपरेशन मुस्कान की समीक्षा कर परफारमेंश को जाना और लंबित अपराधों एवं शिकायत के निराकरण का ब्यौरा लेते हेतु निराकरण



में और तेजी लाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का खौफ बनाए रखने सख्ती के साथ तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने, थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत और पुख्ता करने के निर्देश दिए। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने टासकिंग पुलिसिंग पर जोर देते हुए प्रभारियों को कहा कि अपराध, शिकायत, सहित अन्य कार्यवाहियों को पूर्ण करने की समय सीमा खुद बनाए और उसे मजबूती के साथ पूरा करें इससे कार्यो में तेजी आयेगी और निकाल का प्रतिशत भी बढ़ेगा, सामाजिक बुराईयों, नशे व अवैध कारोबार पर सख्ती से पूर्णत: अंकुश लगाई जाए, दुघर्टना को पूरी तरीके से रोक पाना संभव नहीं है किन्तु एक्सीडेंट रोकने की दिशा में कार्यवाही एवं जागरूकता से कमी लाई जा सकती है इसके लिए बेहतर कार्य करें, शराब पीकर और ओव्हर स्पीडिंग कर यातायात नियमों की अनेदखी पर सख्ती से कार्यवाही करने, थाना प्रभारी खुद नागरिकों की समस्या शिकायत को सुने और निराकरण करें। जमीन संबंधी मामले की शिकायत पर फौरन कार्यवाही के साथ ही बाउन्ड ओव्हर की कार्यवाही कराने, स्थाई वारंट की तामीली में विशेष रूचि लेने के निर्देश दिए। उन्होंने आदतन अपराधियों का निगरानी व गुण्डा बदमाश हिस्ट्रीशीट खोलने, अपराधों की रोकथाम के लिए सतत पेट्रोलिंग व प्रभावी रात्रि गश्त करने एवं अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य का किया सम्मान

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- कर्मचारी कल्याण सेवा समिति बरेली कॉलेज बरेली के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में



आज कर्मचारियों ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य प्रो सुषमा गौंडियाल को उनके आबास पर पहुंचकर बुके देकर सम्मानित किया। इस अबसर पर अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा हम लोगों को बहुत खुशी हुई है कि आपको सदस्य बनाया गया है। सचिव सुनील कुमार ने भी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अबसर पर कर्मचारियों को मिष्ठान्न भी खिलाई। इस मौके पर हरीश मौर्य, रामू, गंगा प्रसाद, धर्मेंद्र, तेजपाल, ओमप्रकाश यादव, पूरनलाल मसीह, आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# सांसद समर्थकों ने केक काटकर मनाया जन्मदिन, दीर्घायु की कामना की

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।नगर पंचायत रिठौरा कार्यालय पहुंचे बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार का



मण्डल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, सुरेन्द्र पटेल,वंश पुरी, नरेंद्र गंगवार, चेयरमैन शकुंतला देवी प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता धनपाल सिंह, रमेश वर्मा लोकेश कुमार गुप्ता, राजीव उर्फ लवकुश साहू, अनिल प्रजापति प्रदीप कुमार गुप्ता,दीपक कुमार, सचिन मिश्रा,आदि ने सांसद के जन्मदिन पर केक काट कर उनकी दीर्घायु की कामना की।इस दौरान भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# टैम्पो - वाइक भिड़ंत में दो गंभीर घायल ,हालत नाज़ुक

क्यूँ न लिखूँ सच

